भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *180

जिसका उत्तर 30.07.2026 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-65 का उन्नयन

†*180. श्री केसिनेनी शिवनाथ:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार पुणे को मछलीपट्टनम से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-65 का विस्तार/उन्नयन कर रही है;

(ख) यदि हां, तो किन-किन स्थानों पर राजमार्ग को छह लेन का बनाने का कार्य शुरू किया गया है और ऐसी परियोजनाओं की वास्तविक प्रगति क्या है;

(ग) इस परियोजना के लिए जारी की गई निधियों का ब्यौरा क्या है और इसे पूरा करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है;

(घ) क्या सरकार का विचार राष्ट्रीय राजमार्ग-65 के विस्तार के प्रस्तावों में कोई परिवर्तन करने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ङ) विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

'राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-65 का उन्नयन' के संबंध में श्री केसिनेनी शिवनाथ द्वारा दिनांक 30 जुलाई, 2026 को पूछे गए लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या *180 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) से (ङ) देश में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) का विकास एक सतत प्रक्रिया है और सरकार संपर्कता (कनेक्टिविटी) में सुधार लाने और राष्ट्रीय राजमार्गों/एक्सप्रेसवे के नेटवर्क (ग्रिड) के साथ एकीकरण करने के साथ-साथ अंतिम-मील की संपर्कता प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों/एक्सप्रेसवे के सुधार/चौड़ीकरण/निर्माण हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर)/व्यवहार्यता अध्ययन करती रहती है। परियोजना कार्यान्वयन और निवेश संबंधी निर्णय विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के परिणाम, संपर्कता की आवश्यकता, यातायात सघनता और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर लिए जाते हैं। जहां तक पुणे को मछलीपट्टनम से जोड़ने वाले एनएच-65 के सुधार का संबंध है, इसकी स्थिति संलग्न है और इस स्थिति को देखते हुए परियोजना की लागत/समय-सीमा बताना अभी जल्दबाजी होगी।

'राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-65 का उन्नयन' के संबंध में श्री केसिनेनी शिवनाथ द्वारा दिनांक 30 जुलाई, 2026 को पूछे गए लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या *180 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

पुणे-मछलीपट्टनम खंड की स्थिति

क्र.सं.	**राज्य**	**परियोजना खंड**	**लंबाई (किमी में)**	**लेन विन्यास**	**स्थिति**
1	महाराष्ट्र	पुणे-सोलापुर पैकेज-1	110	4 लेन	कॉरिडोर के सुधार के लिए डीपीआर तैयार करने हेतु परामर्शी कार्य के लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं।
2		पुणे-सोलापुर पैकेज-2	101	4 लेन	
3		सोलापुर-महाराष्ट्र/कर्नाटक सीमा	100	4 लेन	कॉरिडोर के सुधार के लिए डीपीआर तैयार करने हेतु बोलियां आमंत्रित की गई हैं।
4	कर्नाटक	महाराष्ट्र/कर्नाटक सीमा- संगारेड्डी	145	4 लेन	
5	तेलंगाना	संगारेड्डी-हैदराबाद	29.5	4 लेन	ईपीसी मोड पर प्रवेश-नियंत्रित राजमार्ग को 6 लेन में उन्नयन करने का कार्य प्रारंभ किया गया है।
6	तेलंगाना	हैदराबाद-नंदीगामा	181.3	4 लेन	6 लेन वाले प्रवेश-नियंत्रित राजमार्ग के लिए डीपीआर का कार्य तैयार हो चुका है।
7	आंध्र प्रदेश	नंदीगामा-विजयवाड़ा	45	4 लेन	
8	आंध्र प्रदेश	विजयवाड़ा-मछलीपट्टनम	59.695	4 लेन	6 लेन वाले प्रवेश-नियंत्रित राजमार्ग के लिए डीपीआर का कार्य तैयार हो चुका है।
			771.495		

*****